## भाजपा मंडल संगठन पर्व की बैठक का आयोजन

**करौली।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की अध्यक्षता में भाजपा मंडल संगठन पर्व की बैठक गोमती कॉलोनी में आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया की रही विशिष्ट अतिथि लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी एवं विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी की रही मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि बैठक मे संगठन पर्व को लेकर विस्तृत चर्चा की।

मुख्य वक्ता बृजलाल डिकोलिया ने अपने उद्बोधन में संगठन रचना, सभी बूथ समितियों शक्ति केन्द्र रचना,सहित सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ समितियों के गठन को लेकर चर्चा की,सदस्यता अभियान बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की,बैठक मे सक्रिय सदस्यता पर जोर दिया गया

इस दौरान मंडल महामंत्री आशीष जैन, तेजेंद्र सिंह,मंडल उपाध्यक्ष विक्की गुरु, धन सिंह, कपिलदीप पाराशर एडवोकेट, कुलदीप सिंह, शीलू पाल,नरेश लोधा,श्रीकांत गोपाल एडवोकेट, धर्मी सिंह जादौन, तरुण शर्मा, महिला मोर्चा विधानसभा संयोजक विद्या वैष्णव, मिथिलेश जगा, डूंगर सिंह, पंकज प्रजापत, सतीश जंगम, पुष्पेंद्र सैनी, बनवारी लाल सैनी, आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को समर्पित की 66 सौ करोड रूपए की परियोजनाएं'

**गंगापुर सिटी ।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजाति गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को पंचायत समिति परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा को गौरव दिवस के रूप में याद किया गया। कार्यक्रम पर स्थल पर जनजातीय उत्थान से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का जिला कलेक्टर डा गौरव सैनी, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल आदि ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, प्रधान पंचायत समिति अंजू गुर्जर, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी, विकास अधिकारी रूप सिंह गुर्जर जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीणा आदि ने विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान जनजातीय उत्थान से संबंधित कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई विभिन्न प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, प्रधान मंजू गुर्जर और कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय कल्याण के तहत विजन से मिशन तक शुरू किया गया है। इसके तहत जनजातीय लोगों का उत्थान करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गौरव दिवस के उपलक्ष में 6600 करोड रुपए की योजनाओं का आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में शुभारंभ किया है। इनमें 25 बुनियादी सुविधाएं चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा, सडके, मेडिकल कॉलेज, आवास, पानी आदि शामिल है और इन 25 बुनियादी सुविधाओं के जरिए जनजातीय आबादी का कल्याण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा की गई यह पहल सराहनीय है। सभापति शिवरतन अग्रवाल और पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के अलावा प्रधान मंजू गुर्जर ने कहा कि केवल भाजपा ने ही जनजातीय आबादी के कल्याण और विकास के समग्र रूपरेखा तैयार करते हुए यह काम करने का बीडा उठाया है जबकि 2014 से पहले पूरे देश में जनजातीय विकास के लिए कोई पहल नहीं हुई। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन महिलाल मीणा ने किया। इस दौरान सैकडो की संख्या में राज्यकर्मी व जन प्रतिनिधी सहित आमजन मोजूद थे।


गंगापुर सिटी मे कार्यक्रम में मोजूद एवं प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रशासनिक अधिकारी व जन प्रतिनिधी।

- कार्यक्रम पर स्थल पर जनजातीय उत्थान से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का जिला कलेक्टर डा गौरव सैनी, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल आदि ने अवलोकन किया
- कार्यक्रम मे भगवान बिरसा मुंडा को 150 वीं जयन्ती पर याद किया

## सार-समाचार

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हिंडौन सिटी।** सदर थाना पुलिस ने गांव कटकड में दीवार तोड़कर गारमेंट्स की दुकान से चोरी की घटना का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।सदर थाना प्रभारी कैलाश चंद नेबताया- गिरफ्तार आरोपी जीतेश मीना है। आरोपी के निशानदेही पर चोरी का माल भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी में कांस्टेबल हेमेंद्र की विशेष भूमिका रही। पुलिस के अनुसार 13 अप्रैल को कटकड़ निवासी दलजीतसिंह उर्फ चीकू मीना ने रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि 11 अप्रैल की रात को अज्ञात चोरों द्वारा दुकान की पीछे की दीवार तोडकर रेडीमेट कपडे, जूता चप्पल व नकद 6000 रुपए व डीजे की दो मशीन चुराकर ले गए। जिसमें एएसआई गोटेलाल ने अनुसंधान शुरु किया। जिसमें आरोपी जीतेश मीना, निवासी कटकड़ के बीच का पुरा द्वारा चोरी करने की जानकारी हासिल हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया। जिसके बाद आरोपी पुलिस अभिरक्षा में है। जिससे पूछताछ जारी है। इस कार्यवाही में एएसआई गोटेलाल, हेमेन्द्र, प्रधान, बाबूलाल शामिल रहे।

### विचार गोष्ठी आयोजित

**कामां** (निस)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कामां की रविवार को नगर में माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित महिला विचार गोष्ठी में महिला शिक्षकों की अधिकाधिक सहभागिता हेतु महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन श्रीराधा कृष्ण माध्यमिक विद्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपशाखा अध्यक्ष नरेश यादव ने की। बैठक में भरतपुर संभाग मीडिया प्रभारी राकेश खंडेलवाल एवं डीग जिले के अतिरिक्त जिला मंत्री दिगंबर सिंह प्रजापति ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समर्पित इस वैचारिक गोष्ठी में उप शाखा से ज्यादा से ज्यादा महिला शिक्षिकाओं को सहभागिता करवाई जानी है। बैठक में उप शाखा मंत्री रोहित गर्ग कोषाध्यक्ष पंकज पाराशर महिला मंत्री रिंकू वशिष्ठ जिला कोषाध्यक्ष जोगेंद्र पाल गुप्ता वीरेंद्र खोसला भीम सिंह शर्मा महेश आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ जन समारोह आयोजित

**हिंडौन सिटी ।** श्री जैन श्वेतांबर पल्लीवाल महासंघ हिंडौन की ओर से गुरुवार को श्रीमहावीरजी में श्री जोधराज दीवान जयंती समारोह के उपलक्ष्य में भामाशाह, प्रतिभा सम्मान और वरिष्ठ जन समारोह का आयोजन रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रौनक जैन मौजूद रहे। वहीं अध्यक्षता राजेंद्र कुमार और मंजू जैन ने की अध्यक्ष राजेंद्र जैन, संयोजक प्रसून जैन और सह संयोजक वर्धमान जैन ने बताया कि कार्यक्रम श्री महावीरजी स्थित श्री जैन श्वेताम्बर पल्लीवाल धर्मशाला में आयोजित हुआ। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें सुबह 8 से 10.30 बजे तक अतिथियों द्वारा झंडरोहन, दीप प्रज्वलन किया गया। जिसके बाद अतिथियों का सम्मान हुआ। वहीं जोधराज दीवान के व्यक्तित्व व कृतित्व का वर्णन व पल्लीवाल समाज के उन्नयन पर भी चर्चा हुई। महामंत्री मनोज जैन वार्षिक प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर समाज के नई बेवसाइट को लॉन्च कर समाज की गतिविधियों व कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।

### अन्नकूट प्रसादी का आयोजन

**गंगापुर सिटी ।** स्थानीय नहर रोड कुशालगढ के बाबा श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने पंगत में बैठकर गरमा गरम अन्नकूट की प्रसादी का आनंद लिया। कुशलगढ बाबा श्याम मंदिर में बाबा श्याम का आकर्षक श्रृंगार कर आलौकिक झांकी सजाई गई। साथ ही इससे पहले मंदिर की विशेष सजावट भी की गई। मंदिर परिसर के ही अलग हिस्से में अल सुबह से ही दर्जनों हलवाई अन्नकूट की प्रसादी बनाने में जुट गए। इस दौरान हलवाइयों के द्वारा कडी और बाजरा की अन्नकूट प्रसाद तैयार किया गया। सैंकडों कार्यकर्ता अन्नकूट प्रसादी तैयार करने में जुटे दिखाई दिए। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र दुसाद के अलावा अन्य पदाधिकारी कृष्ण कुमार गोयल कुबेर, वीरेंद्र गुप्ता, गिरधारी ठेकेदार, अनुज जैन, विजय गोयल, अंकित गोयल, कमलेश खिदरपुर रमेश पीलोदा, भगवान बेरडा, राजकुमार गोयंका, मदन मोहन शर्मा, सुरेंद्र विजयवर्गीय सुरेंद्र मित्तल आदि ने बताया कि मंदिर में साढे 3 क्विंटल बाजरा, डेढ क्विंटल चावल व चोडा आदि डालकर 4-5 क्विंटल की हरी सब्जी आदि बना कर मंदिर में विराजित सभी देव प्रतिमाओ को दोपहर 12 बजे भोग लगाकर पंगत पर भक्तो को प्रसादी का वितरण किया गया। प्रसादी लेने के लिए हजारों लोग पहुंचे। इस दौरान लोगों ने बाबा श्याम के दर्शन कर पूजा अर्चना की। परिवार में खुशहाली और सुख समृद्धि की मनौती मांगी। इसके बाद पंगत में बैठकर आराम से गरमा गरम कढी और बाजरे की प्रसादी पाई। वहीं कुछ लोग अपने साथ बर्तन भी लेकर पहुंचे और लौटते समय बर्तनों में कढी-बाजरे की प्रसादी लेकर घर आए, जिसका घर के परिवार के अन्य सदस्यों ने आनंद लिया।

### समिति की बैठक 18 को

**करौली** (नि.स.)। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग गंगासहाय मीना ने बताया कि 18 नवम्बर को प्रातः 11:00 बजे से पशु कुररता निवारण समिति की बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिये है।

### गणेश समिति की बैठक कल

**गंगापुर सिटी ।** श्रीगणेश महोत्सव समिति की बैठक रविवार को अमन पैलेस अग्रवाल धर्मशाला के पास में सुबह 10॰ बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में समिति द्वारा वर्ष 2024 के श्रीगणेश महोत्सव आयोजन का आय व्यय ब्योरा सहित कार्यक्रम की सफलताओ को लेकर चर्चा की जायेगी।

## 'समय पर विद्युत आपूर्ति करवाना सुनिश्चित करें'

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि किसानों की मांग के अनुसार रबी की फसल को देखते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र में समय पर विद्युत आपूर्ति करवाना सुनिश्चित करे जिससे की किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पडे। जिला कलेक्टर ने गुरूवार को ग्राम पंचायत सलेमपुर में आयोजित रात्रि चैपाल में आमजन की समस्याओं पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने रात्रि चैपाल में अतिक्रमण हटवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना मे नाम जुडवाने, एनएफएसए में नाम जुडवाने, नाली सफाई करवाने,नरेगा के तहत रोजगार दिलवाने, बिजली का बिल कम करने, ट्रांसफार्मर बदलने, खेल मैदान बनवाने,विद्युत विभाग की ट्रिपिंग की समस्या का निस्तारण करवाने, पेयजल की समस्या का निस्तारण करवाने सहित ग्रामीणों एवं परिवादियों के द्वारा विभिन्न विभागों के प्रकरण प्राप्त हुए। इस पर जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने चैपाल में चिकित्सा अधिकारियों को दवाईयों की उपलब्धता, स्कूल में अध्यापकों के समय पर उपस्थित होने,सहित अन्य निर्देश अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई के दौरान, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक बीडी शर्मा,पशुपालन के संयुक्त निदेशक डॉ.गंगासहाय मीणा, सूचना एवं निदेशक धर्मेन्द्र मीणा,उद्यान विभाग के उपनिदेशक रामलाल जाट, सहित ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# गुरू नानक के प्रकाश उत्सव पर हुए कई धार्मिक आयोजन

**गंगापुर सिटी ।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास गुरुद्वारा स्थित गुरुनानक सभा में शुक्रवार को गुरुनानक का प्रकाश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कई कार्यक्रम हुए। प्रकाश उत्सव पर्व के मौके पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुक्रवार को अंतिम दिन गुरुद्वारे से सुबह 5 बजे से प्रभातफेरी निकाली गई। सहज पाठ की समाप्ति की गई। इस दौरान सुबह 1॰ बजे से सहज पाठ की समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं ने शबद कीर्तन जैसे धार्मिक कार्यक्रम आायोजित किए। इस दौरान शुक्रवार को प्रकाश उत्सव पर्व पर दोपहर एक बजे तक गुरु का अटूट लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। सेवादार अनुरोध के साथ श्रद्धालुओं को प्रसादी परोस रहे थे। अटूट लंगर से पहले श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे में मत्था टेक कर प्रार्थना की। सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने भी गुरुद्वारे में मत्था टेक कर अरदास की।


नानक देव के प्रकाश उत्सव पर सत्संग में भाग लेते महिला पुरूष।

# दिवाली मिलन समारोह मनाया

**गंगापुर सिटी ।** भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ द्वारा दिवाली मिलन समारोह भगवती पैलेस उदेई मोड में मनाया गया। शाखा सचिव आनंद पैंगोरिया ने बताया की कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि रामकिशोर मीणा अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं विशिष्ट अतिथि बृजेंद्र मीणा उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी, अध्यक्षता कर रहे हर्षवर्धन शर्मा एडवोकेट भारत विकास परिषद राजस्थान पूर्व अध्यक्ष और शाखा अध्यक्ष विष्णु अग्रसेन, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश, कार्यक्रम संयोजक संजय ठीकरिया द्वारा दीप प्रज्वल कर की गई।

- मुख्य अतिथि रामकिशोर मीणा सहित सभी अतिथियो का माला एवं दुपट्टा पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया

तत्पश्चात मुख्य अतिथि रामकिशोर मीणा सहित सभी अतिथियो का माला एवं दुपट्टा पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई। शाखा की महिलाओं एवं बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। भारत विकास परिषद के राष्टीय प्रोजेक्ट के तहत समूह गान प्रतियोगिता हर शाखा द्वारा हिंदी एवं संस्कृत दो भाषाओं में कराई जाती है। प्रांत स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली विवेकानंद स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा यहां भी अपनी प्रस्तुतियां दोनों भाषाओं कराई जिसकी जिसकी सभी ने सराहना की।

इसके बाद सचिव आनंद पगोरिया द्वारा 6 माह का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत विकास परिषद हमेशा सहयोग सेवा संस्कार एवं समर्पण की भावना से कार्य करती है एवं यह संस्था पूरे भारत देश में विकसित है और अनेक काम करती है। शाखा द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## करौली सब जूनियर हैंडबॉल टीम रवाना

**करौली( नि.स. )।** जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष सलीम खान ने बताया है कि करौली जिले की सब जूनियर चयनित हैंडबॉल टीम मे आजाद महावर टीम कप्तान,कपिल गुर्जर उपकप्तान, पीयूष गुर्जर, देवव्रत गुर्जर, अर्जुन सैन,जितेंद्र सिंह, हिमांशु, देवेंद्र, आशीष, लवकुश,पुष्पेंद्र,कृष्णा खिलाड़ी के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे तथा बलधारी गुर्जर टीम मैनेजर दिनेश गुर्जर टीम कोच टीम की घोषणा की गई।

उन्होने बताया कि यह टीम जालौर में 14 से 17 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी।

# बयाना में हुआ अनोखा विवाह समारोह

**बयाना** (निस)। कस्बे के सराय गली मोहल्ला स्थित चांदना निवास में बीती रात्रि को ऐसे अनोखे विवाह का आयोजन हुआ कि जिसे देखने और विवाह समारोह में शामिल होने के लिए महिलाओं सहित अन्य लोगों की भी भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस विवाह समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व गोवा आदि प्रांतों से भी श्रद्धालु आए थे। इस विवाह समारोह में पंडितों ने मंत्रों के साथ विवाह की सभी रस्में व अनुष्ठान और अग्नि के समक्ष सातों फेरे आदि बाकायदा संपन्न करवाए। यह मौका था भगवान शालिग्राम और माता तुलसी के विवाह का जो हर वर्ष की भांति इस बार भी राधेश्याम चांदना दंपति की ओर से आयोजित किया गया था। इस मौके पर शादी विवाह समारोह की भांति दावत का भी आयोजन किया गया और जब कन्यादान की रस्म हुई तो मानो महिलाओं व अन्य श्रद्धालुओं में तो कन्यादान करने की होड़ मच गई थी और वर वधू रुपी माता तुलसी वृक्ष व भगवान शालिग्राम के रूप में विराजे भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा के श्री चरणों में उपहारों को अर्पित कर झड़ी लगा दी थी। इस मौके पर महिलाओं की ओर से भजन गीत व बधाई गीत आदि भी गाए गए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसे आयोजनों से सभी कष्ट दूर होते हैं वहीं घर परिवार में सुख समृद्धि भी आती है।

# नगर निगम की अनदेखी के चलते रेडक्रॉस कार्यालय के पास बना कचरा पॉइन्ट

**भरतपुर** (निस)। नगर निगम की बदइंतजामी कुछ लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बनी हुई है। शहर के मोरी चार बाग स्थित रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय पर आने जाने वाले एवं उसके पीछे बने अस्पताल के कर्मचारियों के क्वार्टर में रहने वाले लोगों के लिए आवागमन इस क्षेत्र में किसी चुनौती से कम नहीं हो रहा है। जिसकी वजह नगर निगम के द्वारा बनाया गया कचरा पॉइन्ट है। नगर निगम के द्वारा रामकटोरी अस्पताल के बगल में एक कचरा पॉइन्ट बना रखा है। जहां इतना कचरा जमा हो जाता है कि लोगो को रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय या पीछे सरकारी क्वार्टरों में रह रहे लोगों को इसी कचरे में से होकर निकलने को मजबूर होना पड रहा है और गंदगी इतनी रहती है कि अगर साफ सफाई पसन्द व्यक्ति उस गंदगी को देख भी ले तो वहीं उल्टियां कर दे। उसी कूढे मल मूत्र गंदगी के ढेर के ऊपर से लोगों को गुजरने को मजबूर होना पड रहा है। गंदगी मल मूत्र के चलते छोटे छोटे बच्चों को लोगों को या तो अपनी गोदी में उठाकर ले जाना पडता है या फिर गाडियों में बैठकर रास्ता पार करना पडता है। रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष स्वयं जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव है। रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा कुछ दिनों पूर्व प्रशासन को इस समस्या के समाधान को लेकर अवगत भी कराया जा चुका है। लेकिन प्रशासन समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। जिला कलेक्टर के द्वारा समय समय पर स्वच्छता अभियान चलाए जाते हैं। लेकिन संस्था के पास बना कचरा पॉइन्ट लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। राजकीय नेत्र चिकित्सालय की बगल में बने इस कचरा पॉइन्ट से अस्पताल में ऑपरेशन कराने वाले मरीजों पर भी पडने की संभावना बनी रहती है। लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं निकल रहा है। यह दिक्कत भी तब शुरू हुई जब जनाना अस्पताल के विस्तार में नई बिल्डिंग बनी और जनाना अस्पताल की पार्किंग पुराने स्थान से नए स्थान पर संचालित होने लगी। जिस पर पार्किंग संचालक को गाडी चोरी ना हो जाए इसे लेकर पीछे की ओर तार बंदी करनी पडी। इससे हुआ यह कि रेडक्रॉस सोसायटी व सरकारी क्वार्टर में रहने वाले लोगों को अब कचरे में से होकर निकलना मजबूरी बन गया है। अब कचरा पॉइन्ट और तार बंदी के चलते इस हिस्से की सफाई से सफाई कर्मचारियों ने मुंह मोडना शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब यहां कभी कभार ही सफाई होती है। इससे ऐसा लगता है कि जैसे इन लोगों को प्रशासन शहर का हिस्सा ही नहीं मानती है।

- रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा कुछ दिनों पूर्व प्रशासन को इस समस्या के समाधान को लेकर अवगत भी कराया जा चुका है। लेकिन प्रशासन समस्या का समाधान नहीं कर रहा है


रेडक्रॉस कार्यालय के पास बना कूढे मल मूत्र गंदगी के ढेर ।

## जनजाति गौरव दिवस मनाया

**भरतपुर** (निस)। राष्ट्रीय मीणा महासभा की ओर से जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। इस विषय पर प्रकाश डालते हुए मुख्य संगठन सचिव भूपेंद्र सिंह मीणा ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस भारत में हर साल 15 नवंबर को मनाया जाता है, जो देश की जनजातीय समुदायों की संस्कृति, उपलब्धियों और योगदान को सम्मानित करने के लिए है। उन्होंने सराय काले खां को आदिवासियों के पुरोधा बिरसा मुंडा के नाम पर चौक का नाम किए जाने पर सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया है व आदिवासी समाज को बधाइयां दी। जनजाति गौरव दिवस का महत्व बताते हुए मुख्य संरक्षक जगदीश मीना ने बताया कि जनजाति गौरव दिवस का महत्व है जनजातीय समुदायों की संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना। उनकी उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देना। जनजातीय समुदायों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना। साथ देश की एकता और समरसता को बढ़ावा देना। विधि सलाहकार एडवोकेट बनय सिंह ने संदेश दिया कि आइए हम जनजाति गौरव दिवस पर जनजातीय समुदायों की संस्कृति और उपलब्धियों को सम्मानित करें और उनके अधिकारों और हितों की रक्षा करने का संकल्प लें। इस अवसर पर सहदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, डॉक्टर योगेन्द्र सिंह, जीत सिंह वकील, यतेन्द्र सिंह, देवी सिंह, चंद्रमोहन, जितेन्द्र सिंह सहित सभी ने सराय काले खां चौक को बिरसा मुंडा चौक के नाम से परिवर्तित किए जाने पर मिठाइयां बांटी ओर एक दूसरे को शुभाकामनाएं दी।

# दो दिवसीय वेटलिफ्टिंग व पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन


आलोक शर्मा ने वेटलिफ्टिंग मे भरतपुर, धौलपुर व डीग के कॉलेजों में प्रतियोगियों को ऐलाना।

भरतपुर (निस)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के तत्वाधान में दो दिवसीय वेटलिफ्टिंग व पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस में वेट लिफ्टिंग व पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि आरजेएस गम्भीर सिंह रहे। जबकि अध्यक्षता टैक्नोलॉजी पार्क के अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा ने की। इस अवसरपर खेल अधिकारी सत्यप्रकाश लुहाच व बनय सिंह धावई ने विशिष्ट अतिथि ग्रहण किया। टैक्नोलॉजी पार्क निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि भरतपुर धौलपुर व डीग जिले के विभिन्न कॉलेजों के प्रतियोगियों ने पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अलग अलग बजन वर्ग में हिस्सा लिया।

जिसमें 59 किलोग्राम बजन में देवेश शर्मा ने प्रथम व अमन ने द्वितीय स्थान व दरब सिंह ने तृतीय स्थान, 66 किलोग्राम में रवि कुमारने प्रथम, प्रशान्त रावत ने द्वितीय व कृष्णा ने तृतीय स्थान, 74 किलोग्राम में दुर्गेश छाबडी ने प्रथम स्थान, 83 किलोग्राम में योगेन्द्र ने प्रथम, अविनाश सिंह ने द्वितीय व कपिल ने तृतीय स्थान, 93 किलोग्राम में प्रिन्स ने प्रथम, अभिषेक ने द्वितीय व सतीश ने तृतीय स्थान, 105 किलोग्राम में नितीश फौजदार ने प्रथम व सोनू खटाणा ने द्वितीय स्थान, 120 किलोग्राम में सचिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में 47, 52, 63, 76, 84 किलोग्राम बजन में क्रमशः प्रिया फौजदार, राजेश्वरी, नीरज, अनुपमा शर्मा व दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।